संख्या–cm-349
10/07/2020

कोरोना संक्रमण से राज्य का रिकवरी रेट 71.54 प्रतिशत, डरने की कोई बात नहीं, लोग पैनिक न हों, सोशल डिस्टेंसिंग के पालन के साथ ही मास्क का प्रयोग जरूर करें :– मुख्यमंत्री

- हर हाल में टेस्टिंग की संख्या बढ़ायी जाय।
- डेडिकेटेड कोविड अस्पताल, कोविड हेल्थ सेंटर एवं कोविड केयर में बेडों की संख्या बढ़ायी जाय।
- आइसोलेशन बेडों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि की जाय।
- वेंटिलेटर, ऑक्सीजन कन्सेनट्रेटर की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित हो।
- भारी बारिश के चलते बाढ़ की संभावना को देखते हुये आपदा प्रबंधन विभाग त्वरित कार्रवाई हेतु तैयार रहे। निष्क्रमण की पूरी तैयारी रखी जाय।
- राशन कार्ड वितरण का कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करें।

पटना, 10 जुलाई 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा है कि कोविड–19 संक्रमण से बिहार का रिकवरी रेट 71.54 प्रतिशत है, जबकि राष्ट्रीय औसत मात्र 62.42 प्रतिशत है। इस प्रकार राष्ट्रीय औसत से हमारा रिकवरी रेट 9 प्रतिशत से अधिक है। इसलिये लोगों को कोरोना संक्रमण से डरने एवं पैनिक होने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सोशल डिस्टेंसिंग के पालन के साथ–साथ हर व्यक्ति मास्क का जरूर प्रयोग करें और किसी भी परिस्थिति में बिना मास्क के बाहर न निकलें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग हर हाल में टेस्टिंग की संख्या बढ़ाये। डेडिकेटेड कोविड अस्पताल, कोविड हेल्थ सेंटर एवं कोविड केयर में बेडों की संख्या अविलंब बढ़ायी जाय।

उन्होंने कहा कि आइसोलेशन बेडों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि की जाय। उन्होंने आइसोलेशन वार्ड्स में संभावित संक्रमितों की संख्या के अनुपात में वेंटिलेटर, ऑक्सीजन कन्सेनट्रेटर एवं अन्य जरूरी उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाय।

मुख्यमंत्री ने भारी बारिश के चलते बाढ़ की संभावना को देखते हुये आपदा प्रबंधन विभाग को त्वरित कार्रवाई हेतु तैयार रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि तटबंधों के निकट रहने वाले लोगों के सुरक्षित निष्क्रमण के लिये पूरी तैयारी रखी जाय। साथ ही जल संसाधन विभाग तटबंधों की सुरक्षा को लेकर अलर्ट मोड पर रहें।

मुख्यमंत्री ने राशन कार्ड वितरण के कार्य को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया है ताकि सुयोग्य परिवारों को राशन कार्ड के माध्यम से जन वितरण प्रणाली का लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि कोरोना संक्रमित लगातार स्वस्थ होकर अपने घर जा रहे हैं। आज भी 459 लोग स्वस्थ होकर अपने घर लौटे हैं इसलिये लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। लोग धैर्य रखें, सचेत रहें एवं स्वयं जागरूक होकर सरकार के दिशा–निर्देशों का पालन करते रहें।

******